# नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में छाए यूपी के विकास खंड

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश के विकास खण्डों ने नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में शानदार उपलब्धि हासिल कर पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है। नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खण्ड कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 42 जनपदों के 68 विकास खण्डों को चयनित किया गया है, जिनकी प्रगति ने आज देशभर में एक नई मिसाल पेश की है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कौशाम्बी और श्रावस्ती जैसे जिलों ने शानदार सफलता हासिल की है।

नीति आयोग की ओवरआल डेल्टा रैंकिंग में यूपी के विकासखंड कौशाम्बी, जनपद कौशाम्बी ने जून 2023 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि मार्च 2024 में श्रावस्ती के जमुनहा विकास खण्ड ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इस शानदार सफलता के लिए इन विकास खण्डों को क्रमशः 3 करोड़ और 2 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलेगी, जो उनके निरंतर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

वहीं आयोग की जोन-वार डेल्टा रैंकिंग में भी उत्तर प्रदेश के विकास खण्डों ने शानदार सफलता प्राप्त की है।




**42** जनपदों के 68 विकास खंडों को चयनित किया गया है

## हरैया प्रथम, विरनो द्वितीय

जून 2023 में बस्ती के विकास खण्ड हरैया और गाजीपुर के विकास खण्ड विरनो ने क्रमश: प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। सितंबर 2023 में बहेड़ी (बरेली) को द्वितीय रैंक मिली थी। इसके बाद मार्च 2024 में हरदोई के संडीला और अमेठी के जगदीशपुर ने भी शानदार प्रदर्शन करते पहली और दूसरी रैंक प्राप्त की। जून 2024 में पुरेडलई (बाराबंकी) एवं राजेपुर (फर्रुखाबाद) तथा सितंबर 2024 में खेसरहा (सिद्धार्थनगर) एवं नवाबगंज (फर्रुखाबाद) को क्रमश: प्रथम तथा द्वितीय रैंक प्राप्त हुई है।